प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने पर झारखंड मुख्यालय की चार सदस्यीय टीम पहुंची पलामू, मृत जवानों को दी गयी अंतिम सलामी।
2. रांची के कांके में रिनपास का शताब्दी समारोह शुरु, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई हस्तियां ले रही हैं भाग।
3. वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी प्रणाली में बदलावों की घोषणा का झारखंड के व्यवसायियों ने किया स्वागत, कहा– सभी वर्गों को मिलेगा लाभ।
4. राज्य सरकार ने करम पर्व पर खूंटी जिले को दी बड़ी सौगात, कल्याण मंत्री ने की आदिवासी संस्कृति के संवर्धन के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा, नया महिला महाविद्यालय भी होगा स्थापित।
5. चौथी वर्ल्ड बीच वूडबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड के देवपुजन ठाकुर का चयन भारतीय टीम में, प्रतियोगिता में भाग लेने कल रांची से होंगे रवाना।

*******************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में कल रात प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी–टीएसपीसी के साथ पुलिस की हुई भीषण मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गये हैं जबकि एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को इलाज मेदिनीनगर स्थित एमआरएमसीएच में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम और पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन अस्पताल पहुंचे और घायल जवान का हाल चाल जाना।

*******************

इधर, घटना की सूचना मिलते ही झारखंड पुलिस मुख्यालय की 4 सदस्यीय टीम पलामू पहुंची है। इनमें सीआरपीएफ आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माइकल राज, आईजी अनूप बिरथरे और एसपी अभियान अमित रेणु शामिल हैं। उन्होंने घायल जवान से घटना की जानकारी ली। इसके बाद सभी पुलिस अधिकारी पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचे और शहीद जवानों को सलामी दी। श्रद्धांजलि देने के बाद जवानों का पार्थिव शव उनके पैतृक गांव हैदर नगर प्रखंड क्षेत्र के लिए भेज दिए गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मौके पर आईजी अभियान माइकल राज ने कहा कि जवानों की शहादत बेकार नहीं जायेगी।

*******************

इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी।

*******************

रांची के कांके स्थित रिनपास के 100 साल पूरे हो गये हैं। इस खास मौके पर आज शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि के तौर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद हैं। इनके अलावा कई हस्तियां शताब्दी समारोह में शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि रिनपास का अपना गौरवमयी इतिहास है। यहां 1925 से अब तक 35 लाख मानसिक रोगियों का सफल इलाज हो चुका है।

*******************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी प्रणाली में बदलावों की घोषणा का झारखंड के व्यवसाइयों ने स्वागत किया है। गिरिडीह के कपड़ा व्यवसायी दीपक मोदी ने कहा है कि सरकार के इस फैसले से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

व्यवसाइयों के साथ ही आम लोगों को भी जीएसटी सुधारों से राहत मिली है। जमशेदपुर की एक आम गृहणी मीना देवी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहारों के सीजन में दूध, दही, घी समेत रोजमर्रा की अन्य जरुरी चीजों को जीएसटी फ्री किये जाने से रसोई पर आर्थिक बोझ कम होगा।

*******************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज सड़क मार्ग से बाबा बासुकिनाथ पहुंचीं। उन्होंने सपरिवार विधि विधान से बाबा बासुकीनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। बासुकीनाथ पहुंचने पर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उन्हें बाबा बासुकीनाथ का चित्र स्मृति चिन्ह भेंट किया। इससे पहले उन्होंने देवघर में बाबा बैद्यनाथ की भी पूचा–अर्चना की।

*******************

राज्य सरकार ने करम पर्व पर खूंटी जिले को दो बड़ी सौगात दी है। कल देर शाम करम महोत्सव में भाग लेने आये कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी संस्कृति के संवर्धन के लिए जिले को एक करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि खूंटी में 55 करोड़ रुपये की लागत से एक नया महिला महाविद्यालय बनाया जायेगा।

*******************

गुमला जिले में जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए आदि कर्मयोगी अभियान प्रभावी तरीके से चलाया जा रहा है।

*******************

आज सुबह शुरुआती कारोबार में घरेलू बेंचमार्क सूचकांक तेज़ी से हरे निशान में खुले। यह सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली में बदलावों की घोषणा के एक दिन बाद हुआ। सेंसेक्स 900 अंक बढ़कर 81 हजार पार कर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 300 अंक चढ़कर 25 हजार पार कर गया।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 99 हजार 9 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 31 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में आज भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

झारखंड के देवपुजन ठाकुर का चयन चौथी वर्ल्ड बीच वूडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। देवपुजन ठाकुर झारखंड से एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। वे कल रांची से मुंबई रवाना होंगे। वहां से भारतीय टीम के साथ 7 सितंबर को थाईलैंड के लिए प्रस्थान करेंगे। यह प्रतियोगिता 7 सितंबर से 13 सितंबर तक थाईलैंड में आयोजित होगी।

**********